## Basic Operations Using Internet Browser

# Web Browser (वेब ब्राउजर) को समझाइए

World wide web ब्राउज़र को सामान्यतः वेब ब्राउसर कहा जाता है |वेब ब्राउसर सॉफ्टवेयर होते है जिनकी सहायता से इन्टरनेट की इन्फोर्मेशन को एक्सेस किया जाता है |ये client program होते है तथा हायपर टेक्स्ट दस्तावेजो के साथ संवाद करने और उन्हें प्रदर्शित करने में सक्षम होते है |वेब ब्राउजर का यूज कर इन्टरनेट पर उपलब्ध विभिन्न सेवाओ का यूज कर सकते है |

**वेब ब्राउजर दो प्रकार के होते है :-**

**1. टेक्स्ट आधारित ब्राउजर:-** ये ब्राउजर केवल टेक्स्ट को सपोर्ट करते है |

**2. ग्राफिकल ब्राउज़र:-** ये ब्राउजर मल्टीमीडिया जैसे टेक्स्ट, वीडियो, एनीमेशन, ऑडियो आदि को सपोर्ट करते है

वेब ब्राउजर के माध्यम से वेबसाइट को कनेक्ट करने के लिये निम्नलिखित Steps को follow करते है-

Step 1 : वेब ब्राउजर मे वेब साइट के URL को Type करते है जैसे- www.CyberDairy.com!

Step 2 : ब्राउजर वेब सर्वर से कनेक्शन बनाता है।

Step 3 : वेब सर्वर Resquest को रिसीव करता है।

यह भी पड़ें

- नेटवर्क के प्रकार
- वर्ल्ड वाइड वेब क्या है और उसकी विशेषताएं
- क्लाइंट सर्वर आर्किटेक्चर क्या हैं?
- Web Browser (वेब ब्राउजर) को समझाइए|
- Search Engine (सर्च इंजन)

Step 4 : वेब ब्राउजर आपकी स्क्रीन पर वेब पेज को प्रदर्शित करता है तथा ब्राउजर और सर्वर के बीच कनेक्शन क्लोज हो जाता है। हालांकि विभिन्न प्रकार के वेब ब्राउजर बाजार मे उपलब्ध है

लेकिन मुख्य रूप से प्रयोग होने वाले वेब ब्राउजर निम्न है-

1. Microsoft Internet Explorers
2. Netscape navigator
3. Google Chrome
4. Mozilla Firefox
5. Opera Mini
6. Safari
7. Microsoft edge
8. Maxthon

---

ब्राउज़र हिस्ट्री कैसे देखे और डिलीट करें (How to view and delete a browser history)

*ब्राउज़िंग हिस्ट्री क्या हैं? (What is Browsing History?)*

जब भी आप अपने कंप्यूटर में इन्टरनेट चलते हैं, तो आपका ब्राउज़र आपके द्वारा देखे जाने वाले प्रत्येक पेज की एक कॉपी को सेव कर लेता है। चाहे आप क्रोम, फ़ायरफ़ॉक्स, इंटरनेट एक्सप्लोरर, या कुछ और का उपयोग करते हैं – आप कहाँ हैं और आपने किन पेजों को देखा है यह सब कुछ ब्राउज़र की हिस्ट्री में स्टोर हो जाता हैं| यह फीचर यूजर की सुविधा के लिए है।


ब्राउज़िंग हिस्ट्री में उन वेब पेजों का रिकॉर्ड शामिल होता है जिन्हें आपने पिछले ब्राउज़िंग सेशन में देखा है, और आमतौर पर वेब पेज / साइट के नाम के साथ-साथ इसके संबंधित URL का नाम भी शामिल होता है।

हिस्ट्री में ब्राउज़िंग हिस्ट्री के अलावा, अन्य निजी डेटा भी सेव कर लिया जाता हैं। जैसे Cache, Cookies, Password इत्यादि को संदर्भित किया जाता है।

सभी ब्राउज़रों पर, “History” ऑप्शन पेज के शीर्ष पर ड्रॉप-डाउन मेनू विकल्पों में पाया जाता है, साथ ही अन्य विकल्प भो मौजूद रहते हैं। हिस्ट्री सुविधा आपके इंटरनेट ब्राउज़िंग पर तब तक नज़र रखती है, जब तक आप ऑनलाइन हैं।

*ब्राउज़िंग हिस्ट्री को कैसे देखे (How to View Browsing History)*


- सबसे पहले आप अपने कंप्यूटर पर Google Chrome खोलें।
- इसके बाद ऊपर दाईं ओर दिखाई देने वाली तीन बिंदुओ पर क्लिक करें।
- ड्रॉप डाउन मेनू से History ऑप्शन चुने और फिर History पर क्लिक करें।




- जैसे ही आप history पर क्लिक करेंगे आपको आपके ब्राउज़र की हिस्ट्री दिनांक और समय के आधार पर दिख जाएगी|

*ब्राउज़िंग हिस्ट्री को क्लियर कैसे करे (How to clear Browsing History)*

- सबसे पहले आप अपने कंप्यूटर पर Google Chrome खोलें।
- इसके बाद ऊपर दाईं ओर दिखाई देने वाली तीन बिंदुओ पर क्लिक करें।
- ड्रॉप डाउन मेनू से History ऑप्शन चुने और फिर History पर क्लिक करें।
- बाईं ओर, Clear Browsing data पर क्लिक करें। एक बॉक्स दिखाई देगा।




*ब्राउज़िंग हिस्ट्री को डिलीट कैसे करें (Delete an item from your history)*

- सबसे पहले आप अपने कंप्यूटर पर Google Chrome खोलें।
- इसके बाद ऊपर दाईं ओर दिखाई देने वाली तीन बिंदुओ पर क्लिक करें।
- ड्रॉप डाउन मेनू से History ऑप्शन चुने और फिर History पर क्लिक करें।
- प्रत्येक आइटम के बगल में स्थित बॉक्स को चेक करें जिसे आप अपनी हिस्ट्री से हटाना चाहते हैं।
- शीर्ष दाईं ओर, Delete पर क्लिक करें।
- Remove पर क्लिक करके पुष्टि करें।

# Search Engine (सर्च इंजन)

वेबसाइट मे सर्च इंजन एक अत्याधिक लोकप्रिय तथा सुविधाजनक प्रोग्राम है।




सर्च इंजन एक ऐसा प्रोग्राम है जो इंटरनेट पर उपलब्ध सूचनाओ मेे से किसी विशेष सूचना को ढूढकर हमारी स्क्रीन पर प्रदर्शित करता है, जैसे किसी संस्था, कंपनी, काॅलेज, विश्वविद्यालय इत्यादि के बारे मे हमे कोई जानकारी प्राप्त करनी है तो इसके लिये हम Search Tool का प्रयोग करते है तथा इनमे से जिसके बारे मे विस्तृत जानकारी प्राप्त करना चाहते है वह जानकारी प्राप्त कर सकते है। विभिन्न प्रकार के निम्नलिखित सर्च इंजन इंटरनेट पर उपलब्ध है|

1. Yahoo
2. Altavista
3. Lycos
4. HotBot
5. Dogpile
6. Google
7. यह सभी सर्च इंजन काॅफी लोकप्रिय है। इनमे से सबसे अधिक लोकप्रिय तथा अत्याधिक प्रयोग किया जाने वाला सर्च इंजन Google है। गूगल मे किसी सूचना को Search करने के लिये निम्नलिखित Steps को Follow करते है-
8. Step 1 : वेब ब्राउजर मे वेबसाइट के URl को Type करते है तथा Enter Key को Press करते है।
9. Step 2 : इसके पश्चात् गूगल की Website का Home page स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है।
10. Step 3 : गूगल के होम पेज प्रदर्शित Search Box मे उस शब्द को Type करते है जिसको सर्च करना है, जैसे किसी विश्वविद्यालय, कंपनी का नाम इत्यादि। इसके बाद Search Button पर Click करते है।

Step 4 : Search Box मे डाले गये शब्द के अनुरूप सूचना तथा लिंक Screen पर प्रदर्शित होते है।

## विकिपीडिया क्या है? (What is Wikipedia?)

विकिपीडिया एक फ्री और ओपन सोर्स ऑनलाइन ज्ञानकोश है|, ज्ञानकोश का मतलब है ज्ञान का भण्डार| इस ज्ञानकोश को लोगों के सहयोग से बनाया गया है| इस वेबसाइट में कोई भी यूजर बिना रजिस्ट्रेशन के अपना आर्टिकल लिख सकता है और किसी भी आर्टिकल में सुधार कर सकता है| विकिपीडिया की शुरुआत 15 जनवरी 2001 में Jimmy Wales एवं Larry Sanger ने की थी और इसका नामकरण Larry Sanger ने किया था| Wikipedia शब्द हवाई भाषा से लिया गया है, Wikipedia दो शब्दों से मिलकर बना है Wiki और Encyclopedia. Wiki का अर्थ है "जल्दी" इसका मतलब है एक ऐसा सर्वर प्रोग्राम जो किसी भी यूजर को आर्टिकल में सुधार करने की परमिशन देता है और दूसरा शब्द है Encyclopedia जिसका अर्थ है ज्ञानकोश | इस प्रकार इन्टरनेट के माध्यम से कोई भी व्यक्ति विकिपीडिया आर्टिकल को लिख सकता है और उसमे सुधार कर सकता है|

वैसे तो इन्टरनेट पर हजारों वेबसाइट्स है हम सभी वेबसाइट्स के नाम याद नहीं रख सकते पर कुछ ऐसी वेबसाइट होती है जो हमे याद रहती है उन्ही में से एक है Wikipedia| यह बहुत ही फेमस वेबसाइट है यदि आप कोई भी जानकारी सर्च करना चाहते है तो आप Wikipedia पर सर्च कर सकते है इसमें आपको सारी जानकारी मिल जाती है| विकिपीडिया पर जानकारी को प्रदान करने के साथ साथ और भी कई सेवाएं उपलब्ध है-

### *विकिपीडिया की सर्विसेज (Wikipedia Services)*

- Wiktionary
- Wikibooks
- Wikisource
- Wikiquotes
- Wikiversity

- Wikispecies
- Mediawiki
- Wikinews
- Meta-Wiki
- Wikitech

*विकिपीडिया के फायदे (Advantages of Wikipedia)*

- विकिपीडिया पर किसी जानकारी को सर्च करना बहुत ही आसान है|
- विकिपीडिया पर लगभग 300 से भी ज्यादा भाषा में आर्टिकल है इसलिए आप किसी भी अपनी किसी भी भाषा में जानकरी को सर्च कर सकते है|
- विकिपीडिया पर जानकारी को सर्च करने के साथ साथ आप उसमे सुधार भी कर सकते है|
- इंटरनेट पर मौजूद अभी तक का सबसे बडा जानकारी पोर्टल 'विकिपीडिया' हैं. जहाँ पर सारी सामग्री मुफ्त उपलब्ध हैं|
- विकिपीडिया का उपयोग करने के लिए किसी भी प्रकार की कोई बाध्यता नहीं हैं, कोई भी इंटरनेट यूजर एक क्लिक में इसका इस्तेमाल कर सकता हैं. तथा उपलब्ध जानकारी को एक्सेस कर सकता हैं|
- यदि आप भी अपना ज्ञान लोगों के साथ शेयर करना चाहते हैं तो आप भी विकिपीडिया पर नया पेज बनाकर अपना आर्टिकल प्रकाशित कर सकते हैं|

*विकिपीडिया का उपयोग कैसे करें? (How to Use Wikipedia?)*

विकिपीडिया का उपयोग करने के लिए निम्न प्रक्रिया को अपनाये-

- सबसे पहले Wikipedia वेबसाइट पर Visit करें। या डी गई लिंक पर क्लिक करें-

https://www.wikipedia.org/

- आपको Wikipedia.org वेबसाइट का Homepage दिखाई देगा| अगर आप किसी जानकारी को English में सर्च करना चाहते हैं तो दिये हुए Search Box पर टाइप करें और Enter करें|
- लेकिन यदि आप किसी अन्य भाषा में जानकारी को सर्च करना चाहते है तो "Read Wikipedia in Your Language" पर क्लिक करें| आपको लगभग सभी लैंग्वेज दिखाई देंगी अगर आप हिंदी में पढना चाहते हैं तो "हिंदी" पर क्लिक करें।




- “हिंदी” पर क्लिक करने के बाद आपको विकिपीडिया का हिंदी पेज दिखाई देगा | पेज के दायीं ओर एक बॉक्स मिलेगा जिसमें लिखा होगा “विकिपीडिया में खोजें”| आप जो भी जानकारी सर्च करना चाहते है उसे उस बॉक्स में सर्च करें।
- आप जो भी जानकारी Search Box में लिखेंगे अगर उसका कोई विकिपीडिया पेज होगा तो वो आपके सामने खुल जायेगा। और यदि आपको लगे की उस जानकारी में कुछ सुधार करना है तो आप “संपादन” ऑप्शन में जाकर सुधार कर सकते हैं।

**नोट-** आप अपने स्मार्टफोन पर भी विकिपीडिया एप्प को डाउनलोड कर सकते हैं, Apple के लिए App Store और Android के लिए Play Store में मौजूद है।

---


What is Online Newspaper?

लोंगो के लिए आज के समय में समाचार पत्र दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया हैं क्योकिं देश विदेश से सम्बंधित सारी जानकारी हमें समाचार पत्र में एक ही जगह पर मिल जाती हैं चाहे वह खेल से सम्बंधित हो या राजनीति से| समाचार पत्र पूरे संसार भर की खबरों का संग्रह होता है,

जो हमें विश्व में होने वाली सभी घटनाओं के बारे में जानकारी देता है। एक ऑनलाइन समाचार पत्र एक धारावाहिक प्रकाशन है जिसमें विशेष या सामान्य रुचि की वर्तमान घटनाओं पर समाचार शामिल होते है। व्यक्तिगत भागों को क्रमिक रूप से या संख्यात्मक रूप से सूचीबद्ध किया जाता है

समाचार पत्र ऑनलाइन कैसे पढ़ा जाए (How to Read Newspaper Online)

- ऑनलाइन समाचार पत्रों को मुफ्त में पढ़ने के लिए, समाचार पत्र वेबसाइटों और समाचार पत्रों के ऑनलाइन अभिलेखागार की खोज करें।
- एक विशिष्ट स्थानीय, राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय समाचार पत्र की खोज के लिए, समाचार पत्र का नाम Search Engine में टाइप करें और Search पर क्लिक करें। सूची से समाचार पत्र वेबसाइट का चयन करें।




- एक मुद्रित समाचार पत्र में कई भाग होते हैं इसी तरह ऑनलाइन समाचारपत्र में भी कई भाग होते हैं और प्रत्येक खंड के भीतर विषयों की जानकारी होती हैं। जैसे – देश विदेश, मनोरंजन,

खेल, राजनीति, फ़िल्मी दुनिया आदि विस्तारित सेक्शन मेनू से, वह विषय चुनें जिसे आप पढ़ना चाहते हैं।

- कुछ वेबसाइटों में सेक्शन मेनू के पास एक सर्च बॉक्स होता है। बॉक्स में शब्द दर्ज करें और एंटर या सर्च दबाएं।


### सदस्यता वेबसाइट देखना (Viewing Subscription Websites)

वेबसाइटों और कुछ समाचार पत्र संग्रह वेबसाइटों को सदस्यता की आवश्यकता होती है, लेकिन कुछ फ्री परीक्षण की पेशकश करते हैं। ऐसी वेबसाइटें जिनमें सर्च योग्य समाचार पत्र अभिलेखागार शामिल हैं:

1. Ancestry.com
2. GenealogyBankMy
3. Heritage.com
4. Newspapers.com
5. Newspaper Archive

खाता बनाने के लिए, Free trial button ढूंढें और क्लिक करें। इस उदाहरण में, Newspapers.com सात दिन का निःशुल्क परीक्षण प्रदान करता है।

- ईमेल पता फ़ील्ड में अपना ईमेल पता दर्ज करें।
- पासवर्ड फ़ील्ड में पासवर्ड चुनें और दर्ज करें।
- वैकल्पिक रूप से, Sign into Facebook पर क्लिक करें।
- Continue पर क्लिक करें।




- अगले चरण में, अपना क्रेडिट या डेबिट कार्ड जानकारी दर्ज करें, सेवा की शर्तों से सहमत होने के लिए बॉक्स को चेक करें और फिर Start free Trail पर क्लिक करें।